# #2030 का भारत : लक्ष्यों की पूर्ती के लिए एक साथ आए बीइंग रिस्पॉन्सिबल और ड्रूपल डॉट कॉम

- ड्रूपल पर देखें #2030काभारत की पूरी सीरीज
- सम्बंधित विभागों को पत्र लिखकर किया गया सूचित

भारत सरकार द्वारा 2030 के भारत के सतत विकास हेतु शून्य गरीबी, शून्य भुखमरी, उत्तम स्वास्थ्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसे कुल 17 लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इन लक्ष्यों को पूरा कर के, भारत के बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करते हुए, एक स्वर्णिम भारत की परिकल्पना को सच किया जा सकता है। हालाँकि इस अभियान में जन जन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए गैर सरकारी संगठन बीइंग रिस्पॉन्सिबल तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ड्रूपल डॉट कॉम ने संयुक्त रूप से समाज और प्रशासन को इन लक्ष्यों के प्रति सजग बनाने की पहल की है।

इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए बीइंग रिस्पॉन्सिबल के संस्थापक तथा ड्रूपल को-फाउंडर श्री अतुल मालिकराम के बताया कि " सतत विकास के इन लक्ष्यों में ऐसे विषयों का चयन किया गया है, जिनकी दयनीयता से भारत पिछले कई वर्षों से जूझ रहा है। इन लक्ष्यों पर विजय प्राप्त करके भारत में गरीबी, भुखमरी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य तथा खुशहाली जैसे अनेक आयामों को नई दिशा प्रदान की जा सकती है। इस हेतु बीइंग रिस्पॉन्सिबल, ड्रूपल के सहयोग से समाज के साथ-साथ सरकारी महकमे को भी बुनियादी सन्देश से रूबरू करा रहे हैं, जिसके अंतर्गत ड्रूपल पर सतत विकास के सभी लक्ष्यों की सीरिज़ चलाई जा रही है। इसके साथ ही बीइंग रिस्पॉन्सिबल सरकारी विभाग को इन लक्ष्यों से सम्बन्धित पत्र भेजकर समस्त छोटी-बड़ी आवश्यकताओं की तरफ ध्यान आकर्षित करने का अनुरोध कर रहा है।

बीइंग रिस्पॉन्सिबल एक नॉन-गवर्नमेंट ऑर्गेनाइजेशन है जो समाज को उसकी जिम्मेदारियों का एहसास कराने का कार्य करता है। बीइंग रिस्पॉन्सिबल ने समाज की तमाम संस्थाओं के लिए एक मिसाल कायम करते हुए बालिकाओं की शिक्षा की ज़िम्मेदारी ली और 35 से अधिक बालिकाओं के शिक्षण शुल्क से लेकर उनकी पुस्तकें, स्टेशनरी, सर्दी-गर्मी की स्कूल युनिफ़ॉर्म जैसे अन्य कई खर्च अपने ज़िम्मे उठाए। संस्था ने

कई बार वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। डूपल देश का सबसे तेजी से बढ़ता ऑनलाइन सोशल प्लेटफॉर्म है, जो मुख्य रूप से राजनीतिक, बुनियादी ढाँचे और सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित है। यह अपने दर्शकों के समक्ष सच्चाई और तथ्यों को लाने का कार्य करता है। बीइंग रिस्पॉन्सिबल तथा डूपल डॉट कॉम मिलकर सतत विकास के लक्ष्यों पर विजय पाने तथा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।